भारत सरकार | लोक सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | अतारांकित प्रश्न सं. 1633
वाणिज्य विभाग

दिनांक 10 फरवरी,2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड

1633, श्री के.ई.प्रकाश:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इरोड, तमिलनाडु में एक मान्यता प्राप्त हल्दी परीक्षण प्रयोगशाला के साथ-साथ राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है या देने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो अनुमोदन, निधियों के आवंटन, कार्यान्वयन एजेंसी की वर्तमान स्थिति क्या है और प्रचालन शुरू करने की समय-सीमा क्या है;

(ग) उक्त क्षेत्रीय कार्यालय और परीक्षण प्रयोगशाला के लिए प्रस्तावित कार्यकलापों के उद्देश्य और कार्यक्षेत्र क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में अभ्यावेदन दिए जाने के बावजूद राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड में मजबूत कृषि निष्पादन के साथ प्रमुख हल्दी उत्पादक राज्यों में से एक तमिलनाडु से प्रतिनिधित्व न होने की जांच की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ग): मसाला बोर्ड का एक क्षेत्रीय कार्यालय तमिलनाडु के इरोड में और गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला चेन्नई में है, जो तमिलनाडु राज्य में हल्दी और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों सहित सभी मसालों की परीक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड तमिलनाडु सहित संपूर्ण देश में जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, क्रेता-विक्रेता बैठकों सहित विभिन्न क्रियाकलापों का संचालन कर रहा है। हालांकि, वर्तमान में, तमिलनाडु के इरोड में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना और एक मान्यता प्राप्त हल्दी परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना से संबंधित ऐसा कोई विशिष्ट प्रस्ताव इस विभाग में विचाराधीन नहीं है।

(घ): राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की संघटन में अन्य बातों के साथ-साथ हल्दी उत्पादक राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य (क्रमबद्ध आधार पर), हल्दी उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य और हल्दी और हल्दी उत्पादों के निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सदस्य शामिल हैं। वर्तमान में हल्दी उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों में से एक सदस्य तमिलनाडु से है।

*****